श्री जगत वर्मा जी को पितृ शोक

आर्य जगत के भजनोपदेशक श्री जगत वर्मा जी के पूज्य पिता श्री शिवपाल जी का 94 वर्ष की आयु में दिनांक 10 अक्तूबर 2015 को लालडू मंडी में देहान्त हो गया। पूज्य श्री शिवपाल जी का कार्यक्षेत्र भाखड़ा नंगल व तलवाडा होने के कारण उन्होंने इन क्षेत्रों में आर्य समाज का बहुत कार्य किया। पूज्य शिवपाल जी आर्य सिद्धान्तों के बहुत पक्के थे यही कारण था कि उनके सम्पर्क में आने वाले महानुभाव आर्य विचारों से ओत प्रोत हो जाते थे। उनका अन्तिम संस्कार उनके पौत्र श्री संजीव कुमार जी वेदालंकार ने पूर्ण वैदिक रीति रिवाज से सम्पन्न करवाया। उनकी अन्तिम शोक सभा 25 अक्तूबर 2015 को 1.00 बजे से 3.00 बजे तक चण्डीगढ़-अम्बाला जी.टी रोड स्थित लालडू मंडी में होगी।